**पाठ १२ गेंद बल्ला**

प्रश्न १ गिल्ली डंडे के खेल में गिल्ली को डंडे से मारते हैं। कुछ और खेल बताओ, जिनमें एक चीज़ को दूसरी से मारा जाता है।

उत्तर - क्रिकेट में बैट को गेंद से मारते हैं ,हाकी में गेंद को हाकी की स्टिक से खेलते हैं . टेनिस में टेनिस बैट से गेंद को मारते हैं .पार्क में हम पिट्ठू खेलते हैं तो उन्हें भी गेंद से तोड़ते हैं . बैडमिन्टन में उसकी चिड़िया को मारते हैं

प्रश्न २ गेंद खो गयी तो गेंद बल्ला नहीं खेल पायेंगे बाकी बताओ कैसे होगा ?

उत्तर - गुल्ली खो गयी तो गुल्ली डंडा नहीं खेल पाएंगे

मांझा खो गया तो पतंग नहीं उड़ा पायेंगे

पासा खो गया तो लूडो और चेस नहीं खेल पायेंगे

चिड़ी खो गयी तो बेडमिन्टन नहीं खेल पायेंगे

प्रश्न ३ अगर तुम्हारे घर में गेंद खो गयी तो कहाँ कहाँ ढूँढ़ोगे?

उत्तर - यदि हमारी गेंद खो गयी तो हम उसको अलमारी के नीचे ,पलंग के नीचे .दरवाज़े के पीछे ,सोफे के नीचे ,टीवी ट्राली के पीछे , अपने घर के लान में बालकनी में ,पर्दों के पीछे ढूँढ़गे